भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *77
दिनांक 04 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

.....

राप्ती नदी में आई बाढ़ के कारण नुकसान

*77. श्री राम शिरोमणि वर्माः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राप्ती नदी में लगभग प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ के कारण होने वाले जान-माल के नुकसान के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे रोकने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान श्रावस्ती लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और बलरामपुर सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में राप्ती नदी में आई बाढ़ के कारण हुए जान-माल के नुकसान का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राप्ती नदी के दोनों तटों पर मौजूदा तटबंधों की उंचाई बढ़ाने और नए बांधों का निर्माण करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी आर पाटील)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

'राप्ती नदी में आई बाढ़ के कारण नुकसान' के संबंध में दिनांक 04.12.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं. *77 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग): उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (2022-23 से 2025-26) के दौरान राप्ती नदी से श्रावस्ती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और बलरामपुर सहित निकटवर्ती 7 जिलों में बाढ़ के कारण हुए नुकसान का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

बाढ़ के कारण जान-माल को हुए नुकसान का उपशमन करने के लिए राज्य द्वारा निम्नलिखित उपाय और आवश्यक सुविधाओं/राहत का प्रावधान किया गया है:

i. खाने के पैकेट, लंच पैकेट, पानी के पाउच, ओआरएस पैकेट, क्लोरीन टैबलेट, त्रिपाल, डिग्निटी किट वितरित की गई हैं।
ii. प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीमों द्वारा कैंप लगाया गए हैं।
iii. पशु राहत प्रयासों के लिए पशुओं के इलाज और पशुओं को वैक्सीन लगाने के लिए पशु कैंप लगाए गए हैं।
iv. पशुओं के लिए चारे का वितरण।
v. वर्षा और बाढ़ के कारण नुकसान पहुंचे घरों के लिए, एसडीआरएफ के दिशानिर्देशों के अनुसार मालिकों को मुआवज़ा दिया गया है।
vi. राहत और बचाव के लिए इंतज़ाम किए गए हैं और नावों को उपयुक्त स्थान पर भेजा गया।
vii. जिला-स्तर और राज्य-स्तर पर कंट्रोल रूम 24X7 कार्यरत है और उचित रूप से समन्वय कर रहे हैं।

सीडब्ल्यूसी राप्ती नदी पर 4 स्तरीय पूर्वानुमान केन्द्र नामतः बलरामपुर (बलरामपुर जिला), बंसी (सिद्धार्थनगर जिला), बर्डघाट (गोरखपुर जिला) और काकराधारी (श्रावस्ती जिला)का रख-रखाव करता है।

भारत सरकार की केंद्र प्रायोजित योजना, बाढ़ प्रबंधन एवं सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, गोरखपुर और देवरिया जिलों को लाभ पहुँचाने वाली राप्ती नदी पर दो बाढ़ प्रबंधन परियोजनाएँ कार्यान्वित की गई हैं। एफएमबीएपी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार को 66.65 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है।

(घ) और (ङ): बाढ़ प्रबंधन और कटाव-रोधी योजनाएं संबंधित राज्य सरकारों द्वारा प्राथमिकता के अनुसार बनाई और कार्यान्वित की जाती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, संत कबीर नगर और देवरिया ज़िलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राप्ती नदी के दोनों किनारों पर मौजूदा तटबंधों को ऊंचा करने और नए तटबंध बनाने की कोई योजना नहीं है।

*****

अनुलग्नक

'राप्ती नदी में आई बाढ़ के कारण नुकसान' के संबंध में दिनांक 04.12.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं. *77 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा वर्तमान वर्ष के दौरान श्रावस्ती लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा बलरामपुर सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में राप्ती नदी के कारण आई बाढ़ से जान-माल को हुए नुकसान का ब्यौरा;

| क्र.सं. | ज़िला | वर्ष | बाढ़ के कारण हताहत व्यक्तियों की संख्या | घायल व्यक्तियों की संख्या | हताहत पशुओं की संख्या | क्षतिग्रस्त मकानों की संख्या | बाढ़ के कारण हुई जान-माल की हानि, घायलों, पशु हानि और मकान क्षति के संबंध में वितरित निधि का विवरण | बाढ़ से प्रभावित किसानों की संख्या | प्रभावित क्षेत्र | बाढ़ से हुई कृषि संबंधी क्षति के संबंध में वितरित निधि का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रावस्ती | 2022-23 | 6 | 0 | 3 | 1321 | 12790000 | 44123 | 27859.111 | 236802441 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 1 | 67 | 1986000 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 3 | 0 | 2 | 127 | 5560500 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 8 | 960000 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | **9** | **0** | **6** | **1523** | **21296500** | **44123** | **27859.111** | **236802441** |
| 2 | बलरामपुर | 2022-23 | 14 | 0 | 5 | 1396 | 11979700 | 83984 | 47676.544 | 251727543 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 4 | 0 | 2 | 423 | 6387482 | 1150 | 166.2 | 4784639 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 32 | 1264000 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | **18** | **0** | **7** | **1851** | **19631182** | **85134** | **47842.744** | **256512182** |
| 3 | सिद्धार्थनगर | 2022-23 | 21 | 0 | 1 | 126 | 10190000 | 66014 | 58857 | 351166550 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 3 | 0 | 0 | 18 | 1319500 | 38028 | 12304 | 190242721 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | **24** | **0** | **1** | **144** | **11509500** | **104042** | **71161** | **541409271** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | महाराजगंज | 2022-23 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| 5 | कुशीनगर | 2022-23 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| 6 | संतकबीरनगर | 2022-23 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 842 | 135 | 2432838 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **842** | **135** | **2432838** |
| 7 | गोरखपुर | 2022-23 | 2 | 0 | 0 | 2 | 990200 | 28096 | 5378.7754 | 112786791 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 0 | 0 | 0 | 27 | 2344000 | 6581 | 1496.9822 | 30501732 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 3 | 248000 | 413 | 30.0315 | 2633726 |
| | | कुल | **2** | **0** | **0** | **32** | **3582200** | **35090** | **6905.7891** | **145922249** |
| 8 | देवरिया | 2022-23 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2023-24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2025-26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| | | कुल योग | **53** | **0** | **14** | **3550** | **56019382** | **269231** | **153903.6441** | **1183078981** |